बरेली, बुधवार
29 अक्टूबर, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

# दैनिक जागरण



## स्टेडियम व एसआरएमएस के बीच क्रिकेट का फाइनल मुकाबला आज



जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में क्रिकेट खेल रहे खिलाड़ी • सं. आयोजक

- जिला स्तरीय पंडित दीन दयाल उपाध्याय क्रिकेट प्रतियोगिता
- स्टेडियम की टीम ने 16.5 ओवर में हासिल कर लिया लक्ष्य

जागरण संवाददाता, बरेली: स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही जिला स्तरीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को खेले गए दोनों सेमीफाइनल मुकाबलों में रोमांच चरम पर रहा। पहले सेमीफाइनल में स्पोर्ट्स स्टेडियम बरेली ने क्रिकेट नर्सरी को सात विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए क्रिकेट नर्सरी ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट खोकर 98 रन बनाए। टीम के लिए आकाश कुमार ने 39 रन व प्रतीक पाल ने 15 रन जोड़े। स्टेडियम की ओर से हर्ष, कैफ, विवान, अदीप और ओम ने एक-एक विकेट लिया। जवाब में स्टेडियम की टीम ने लक्ष्य को 16.5 ओवर में तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। टीम की जीत में विपिन कुमार ने 27, कुशाग्र ने 24, सुमित मौर्य ने नाबाद 23 रन बनाए। विपिन कुमार को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन आफ द मैच चुना गया।

दूसरे सेमीफाइनल में एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी ने बरेली क्रिकेटर्स को 74 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। एसआरएमएस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में सात विकेट पर 129 रन बनाए, जिसमें अभिमन्यु ज्वाला ने 45 और आदित्य यादव ने 31 रन की उपयोगी पारियां खेलीं। बरेली क्रिकेटर्स की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 15.6 ओवर में मात्र 55 रनों पर सिमट गई। टीम के लिए कृष्ण ने 16 और विनीत गुप्ता ने 10 रन बनाए। एसआरएमएस के रिजवान ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट झटके, जबकि अंशुमन कश्यप ने तीन विकेट लिए। रिजवान को मैन आफ द मैच घोषित किया गया। मैच की अंपायरिंग मनोज सागर, बंटी मौर्य, शिवांशु पांडेय, अरुण यादव ने की, जबकि स्कोरिंग अब्दुल जीशान ने की। सबसे पहले मैच का उद्घाटन डा. मुजाहिद हसन खान व ओपी कोहली ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। टूर्नामेंट आयोजक नितेश भारद्वाज ने बताया कि फाइनल मुकाबला बुधवार सुबह नौ बजे से खेला जाएगा।